

# लामडिंग दर्पण

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

वर्ष -2 अंक -5 जनवरी-मार्च 2011

### मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

लामडिंग मंडल के लिए वर्ष 2010 एक चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा है। प्राकृतिक आपदाओं तथा उग्रवादी गतिविधियों का सामना करते हुए मंडल में यातायात एवं सुधार कार्यों को निरंतर जारी रखना हमारी प्रतिबद्धता रही है। विषम भौगोलिक अवस्थिति में स्थित त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर एवं नगालैण्ड सरीखे राज्यों के लिए परिवहन व्यवस्था जारी रखना वास्तव में एक दुष्कर कार्य रहा है और हम इस कार्य में कृत संकल्प रहे हैं। नई रेल गाड़ियों का शुभारंभ यातायात में सुगमता के साथ-साथ मंडल के आय में वृद्धि लाने का एक अच्छा प्रयास है। भारतीय रेल एक वाणिज्यिक संस्था के साथ-साथ जन उपयोगी साधन भी है। अतः क्षेत्र की जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने में हमारे निष्ठावान कार्मिकों की लगन, परिश्रम, कार्यकुशलता और दूरदर्शिता मंडल की गरिमा को निरंतर निखारती रही है इसमें कोई दो राय नहीं।

मंडल में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करवाना हमारा संवैधानिक दायित्व है और हम इसमें पीछे नहीं हैं। 'लामडिंग दर्पण' पत्रिका के माध्यम से मंडल की गतिविधियों को आप तक पहुँचाने का हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में राजभाषा हिंदी निसंदेह रेलों के साथ-साथ अन्य विविध क्षेत्रों में भी अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बन कर उभरी है।

मंडल रेल प्रबंधक ■

### महाप्रबंधक का वार्षिक निरीक्षण

श्री केशव चंन्द्रा, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों के साथ 07 जनवरी,2011 को मंडल के जागीरोड-लामडिंग सेक्शन का वार्षिक निरीक्षण किया। इस सेक्शन में विशेषकर उन्होंने जागीरोड, चापरमुख, कामपुर, होजाई तथा लंका स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुख-सुविधाएं, संरक्षा से संबंधित विषयों, रेलपथ की गुणवत्ता तथा यातायात के विविध मदों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेलपथ, स्टेशन परिसरों, रेल अस्पतालों, रेल आवास एवं कालोनियों आदि में किए गए सुधार कार्य तथा रख-रखाव की प्रशंसा की।

महाप्रबंधक महोदय ने जागीरोड-लामडिंग बी.जी.सेक्शन में रेलपथ पर गाड़ियों की गति की उत्कृष्टता के लिए सेक्शन के समपार फाटक, पुल, रेल पथ की गुणवत्ता तथा मोड़ आदि स्थलों का विशेष ध्यान रखे जाने के कारण मंडल की सराहना की। उन्होंने सेक्शन के रेलपथ तथा स्टेशनों के बेहतर रख-रखाव से प्रभावित होकर विविध मदों पर मंडल को चार लाख रूपए की धनराशि पुरस्कार स्वरुप प्रदान किया।




जागीरोड -लामडिंग सेक्शन में निरीक्षण करते हुए श्री केशव चंन्द्रा, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल, मंडल रेल प्रबंधक तथा अन्य अधिकारीगण



जागीरोड -लामडिंग सेक्शन में ब्रिज संख्या 93 का निरीक्षण करते हुए श्री केशव चंन्द्रा, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल, मंडल रेल प्रबंधक तथा अन्य अधिकारीगण

महाप्रबंधक महोदय ने होजाई स्टेशन पर नए पैदल ऊपरी पुल की आधारशिला रखी। मंडल में प्रीपेड मीटरिंग प्रणाली का शुभारंभ तथा अधिकारी क्लब, लामडिंग के नवीकृत व्यायामशाला का उद्धाटन किया। ■

### अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की कलम से.

मंडल की तिमाही पत्रिका 'लामडिंग दर्पण' का द्वितीय वर्ष में प्रवेश एक सुखद अनुभूति का एहसास दिलाता है। समय के साथ-साथ बदलाव स्वाभाविक होता है। रेलों पर निरंतर राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार गौरव की बात है। संघ की राजभाषा नीति, प्रशासनिक उत्तरदायित्व तथा हमारे सामूहिक प्रयास राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार के सार्थक आयाम हैं। आशा है कि रेल कार्यालयों में इससे हिंदी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण बना रहेगा। राजभाषा नीति के पालन में उठाए जाने वाले कदमों में पत्रिकाओं की भूमिका इसका अभिन्न भाग है। संपादन मंडली 'लामडिंग दर्पण' के प्रकाशन में मंडल रेल प्रबंधक की प्रेरणाओं के लिए सदा आभारी और कृतज्ञ है।

विशेष कार्य अधिकारी ■

## 62 वां गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

26 जनवरी,2011 को स्थानीय विवेकानन्द रेल स्टेडियम में 62वें गणतंत्र दिवस का समारोह पूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। रेल सुरक्षा बल, रेल सुरक्षा विशेष बल, स्कूली बच्चे तथा स्काउट एवं गाईड का परेड, विभिन्न रेल कलाकारों के देशभक्ति तथा समूह नृत्य कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। रेल सुरक्षा विशेष बल के जवानों द्वारा प्रस्तुत अनोखे करतब समारोह का विशेष आकर्षण रहा।



विवेकानन्द रेल स्टेडियम में ध्वजारोहण करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री अजीत पंडित तथा मंडल के अधिकारीगण

## साइंस एक्सप्रेस प्रदर्शनी

विज्ञान के नए आयाम पर आधारित 16 वातानुकूलित कोचों में सज्जित साइंस एक्सप्रेस प्रदर्शनी रेल गाड़ी का आगमन मंडल में 14 फरवरी,2011 को लामडिंग स्टेशन पर हुआ। इस गाड़ी को 14 एवं 15 फरवरी,2011को लामडिंग स्टेशन पर तथा 27 एवं 28 फरवरी,2011 को कामाख्या स्टेशन पर प्रदर्शनी के लिए ठहराया गया।



लामडिग स्टेशन पर साइंस एक्सप्रेस रेलगाड़ी की प्र्रदशनी का शुभारंभ करते हुए श्रीमती नीता पंडित, अध्यक्षा मंडल महिला कल्याण संगठन, लामडिंग



श्रेष्ठ शिक्षा वह नहीं जो केवल जानकारी दे। सच्ची शिक्षा वह है जो हमारे जीवन और वातावरण में सामंजस्य स्थापित करे।

– रवीन्द्र नाथ टैगोर

## फाइडिंग स्टेशन का शुभारंभ



फाइडिंग स्टेशन का शुभारंभ करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा मंडल के अधिकारीगण

लामडिंग-बदरपुर हिल सेक्शन में फाइडिंग स्टेशन को उग्रवादी गतिविधियों के कारण बंद करना पड़ा था। वर्तमान में सामान्य स्थिति बहाल होने के बाद फाइडिंग स्टेशन को 13 फरवरी,2011 को यात्री यातायात के लिए खोला गया। इस स्टेशन को एक लूप लाइन, केच एवं स्लीप साइडिंग लाइन तथा आनुषंगिक सिगनलों के नए पैनल से युक्त किया गया है।

## आदर्श स्टेशन

मंडल के डिमापुर, बदरपुर एवं होजाई स्टेशनों को रेलवे बोर्ड के निर्धारित मानदण्ड के अनुरूप आदर्श स्टेशन का कार्य प्रगति पर है। वित्तीय वर्ष 2011-12 में राष्ट्रीय उद्यान काजीरंगा पर्यटन स्थल के लिए समीपवर्ती स्टेशन जखलाबंधा को आदर्श स्टेशन के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना प्रक्रियाधीन है।

लामडिंग जंक्शन स्टेशन, मंडल का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। इस स्टेशन से बदरपुर, सिलचर तथा अगरतला स्टेशनों के लिए मीटर लाइन की गाड़ियाॅ क्षेत्र के लिए यातायात के एक मात्र साधन है। जनवरी,2011में लामडिंग का बी.जी. स्तर का पैदल ऊपरी पुल का निर्माण कार्य संपन्न हुआ।




लामडिंग में बी.जी. स्तर का पैदल ऊपरी पुल को यात्री यातायात के लिए शुभारंभ किया गया।

## बहुउद्देश्यीय परिसरों के निर्माण

सिलचर, डिमापुर तथा अगरतला स्टेशनों पर रेल स्टेशन के निकटवर्ती क्षेत्र में प्रस्तावित बहुउद्देश्यीय परिसर के निर्माण की योजना प्रगति पर है। डिमापुर तथा अगरतला के परिसरों का निर्माण रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा किया जाना था परन्तु अब यह कार्य आरएलडीए (RLDA) द्वारा किया जा रहा है।

## महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम

मंडल महिला कल्याण संगठ्न, लामडिंग के सौजन्य से 11 जनवरी,2011 को महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उच्च माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक की परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले कुल 35 छात्राओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

## रेल व्हील वार्तालाप सेमिनार :

19 फरवरी,2011 को लामडिंग में 'रेल व्हील वार्तालाप' विषय पर एक सेमिनार  का आयोजन किया गया। सेक्शनों के वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, मंडल इंजीनियर, सहायक मंडल इंजीनियर, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर/रेलपथ एवं सेक्शनों के सेक्शन इंजीनियर/कनिष्ठ इंजीनियर/रेलपथ सहित कुल 28 अधिकारियों/कर्मचारियों ने सेमिनार में सहभागिता किया।

## चिकित्सा

मंडल चिकित्सालय, लामडिंग के मार्गदर्शन में मंडल में 23 से 25 मार्च,2011 तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का आयोजन कर शून्य से पॉच वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी गई। इसके अलावा 21 मार्च,2011 को महिलाओं के लिए स्वॉंस्थ्य जॉच शिविर का आयोजन तथा 24 मार्च,2011 को विश्व तपेदिक दिवस के अवसर पर  मंडल चिकित्सालय के सभाकक्ष में सेमिनार का आयोजन एवं 29 मार्च को स्वास्थ्य शिक्षा विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन विभाग की विशेष उपलब्धियॉ रही।



राष्ट्रीय पल्स पोलियो का कार्यक्रम के अवसर पर पोलियो की खुराक पिलाते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. अलक दास एवं डॉ. स्वप्ना दैमारी तथा अन्य कर्मीवृंद

## सिगनल एवं दूरसंचार

**विडियो कॉन्फरेंस प्रणाली :** 24 मार्च,2011 को मंडल रेल प्रबंधक का सभा कक्ष को गुवाहाटी तथा बदरपुर क्षेत्र प्रबंधक कार्यालय से विडियो कॉन्फरेंस  प्रणाली के माध्यम से जोड़ कर गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए दृश्य संपर्क स्थापित किया गया।

**टेलीफोन एक्सचेंज का विस्तार :** मंडल के टेलीफोन एक्सचेंज का आईपी पर आधारित संचार प्रणाली का विस्तार किया गया। इसका शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक के करकमलों से 31 मार्च,2011को संपन्न हुआ।



लामडिंग के टेलीफोन  एक्चेंज के विस्तार कार्य का शुभारंभ करते हुए मंडल रेल प्रबंधक, श्री अजीत पंडित, अपर मंडल रेल प्रबंधक, श्री हरपाल सिंह, तथा मंडल के अधिकारीगण

## वाणिज्य

**यात्री अर्जनः** गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में मार्च 2011 तक यात्री अर्जन में9.59 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मंडल में नई गाड़ियों के आवागमन में बढ़ोतरी के परिणाम स्वरूप सभी स्टेशनों के यूटीएस तथा आरक्षण प्रणाली के अर्जन में लगातार वृद्धि हुई है।

**माल अर्जन :** गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में मार्च 2011 तक माल अर्जन में12.37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोयला,खनिज तेल आदि आय के प्रमुख स्रोत हैं।

**अन्य कोचिंग अर्जन :** गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में मार्च 2011 तक अन्य कोचिंग अर्जन में वृद्धि हुई है। गुवाहाटी,लामडिंग, डिमापुर, हयवरगॉव,बदरपुर,सिलचर, धर्मनगर तथा अगरतला आदि स्टेशनों पर पार्सल के अधिक लदान के कारण लक्ष्य में 15.11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**अन्य विविध अर्जन :** अवधि के दौरान इंजीनियरी के विविध प्राप्तियों सहित 4.39 करोड़ रूपए की राशि का अर्जन अन्य विविध प्राप्तियों से हुई है।

## कर्मचारी कल्याण (जनवरी-मार्च,2011)

- अवधि के दौरान अनुकम्पा के आधार पर कुल 149 व्यक्तियों को नियुक्ति प्रदान की गई।
- सेवानिवृति के कुल 105 मामलों का निपटारा किया गया। चयन, उपयुक्तता जॉच तथा ट्रेड जॉच के अधीन 25 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया।

## राजभाषा

**मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक :** मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में 28 मार्च, 2011 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मदों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही इन मदों के लिए निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के संबंध में सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए।



मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक को संबोधित करते हुए श्री अजीत पंडित, मंडल रेल प्रबंधक

## हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन

मंडल में 14 फरवरी,2011 से 16 मार्च,2011 तक मंडल मुख्यालय सहित प्रमुख कार्यालयों/स्टेशनों यथा क्षेत्र प्रबंधक गुवाहाटी एवं बदरपुर, डीजल शेड-लामडिंग एवं न्यू गुवाहाटी, वरिष्ठ कोचिंग डिपो अधिकारी, गुवाहाटी, स्टेशन प्रबंधक गुवाहाटी, लामडिंग, डिमापुर तथा चापरमुख स्टेशनों पर हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, हिंदी वाक् तथा राजभाषा प्रश्नोंत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## विविध

### महाप्रबंधक(निर्माण)/मालीगॉव का दौरा

महाप्रबंधक(निर्माण) मालीगॉव ने मुख्य लेखा अधिकारी (निर्माण), मंडल रेल प्रबंधक तथा मंडल एवं निर्माण संगठन के अन्य अधिकारयों के साथ 01 एवं 02 मार्च 2011 को लामडिंग-बदरपुर-सिलचर तथा सिलचर- अगरतला सेक्शन में आमान परिवर्तन की चालू परियोजनाओं का निरीक्षण किया।



"हिन्दी जन, राज एवं मैत्री की भाषा है, राष्ट्रीय व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की "उन्नति के लिए आवश्यक है"

– 'राष्ट्रपिता' महात्मा गांधी

### अध्यक्ष रेलवे संरक्षा पूर्वोत्तर क्षेत्र का हिल सेक्शन के मीटर लाइन रेलपथ का निरीक्षण




परिवर्तित लाइन पर बाइॅला ब्रिज संख्या 102 का दृश्य

पूर्वोत्तर क्षेत्र के अध्यक्ष रेल संरक्षा श्री बलवीर सिंह ने हिल सेक्शन के डिहाखु एवं मुपा स्टेशनों के बीच के मीटर लाइन रेल पथ को प्रस्तावित बी.जी. लाइन के संरेखण पर तब्दील करने के कार्य का निरीक्षण किया। इस परिवर्तित लाइन पर 30कि.मी.प्रति घंटा की रफ्तार से यात्री गाड़ियों को चलाने के लिए उन्होंने मंजूरी प्रदान दी। 27 मार्च,2011 को परिवर्तित लाइन को यात्री यातायात के लिए खोल दिया गया।



27 मार्च,2011 को परिवर्तित लाइन पर बाइॅला ब्रिज संख्या 102 के उद्‌घाटन का दृश्य

**पीएनएम बैठकः-** पू. सी. रेल मजदूर युनियन, लामडिंग की 81 वीं पीएनएम बैठक 10.03.2011 को आयोजित की गई।

**अनारक्षित टिकट प्रणाली :** मंडल में जनवरी-मार्च, 2011 की अवधि में मुंगियाकामी तथा कामाख्या स्टेशन के नए स्टेशन भवन में दूसरा अनारक्षित टिकट प्रणाली स्थापित किया गया।

**अनारक्षित टिकट सह यात्री आरक्षण प्रणाली :** लालाबजार तथा जखलाबंधा स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट सह यात्री आरक्षण प्रणाली का शुभारंभ क्रमशः 23 एवं 24 फरवरी,2011 को किया गया।

**गाड़ी मानिटरिंग प्रणाली :** जागीरोड स्टेशन के एचपीसी साइडिंग में गाड़ी मानिटरिंग प्रणाली का शुभारंभ किया गया।

होजाई एवं जागीरोड स्टेशनों पर बी.जी. स्तर का दूसरा प्लेटफार्म को यात्रियों के लिए शुरू कर दिया गया।

डिफु स्टेशन के प्रतीक्षालय का जिर्णोद्धार तथा डिमापुर स्टेशन में क्लॉक रूम की स्थापना की गई।


संरक्षक
अजीत पंडित
मंडल रेल प्रबंधक

मुख्य संपादक
हरपाल सिंह
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

संपादन एवं सहयोग
बलदेव सिंह
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय

आर. के. कोईरी
राजभाषा अधिकारी